दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# कट्टरपंथ का विस्फोट

न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में हुए आतंकी हमले से पूरी दुनिया सकते में है। यहां शु वार को अल नूर मस्जिद और लिनवुड मस्जिद में नमाज पढ़ने गए लोगों पर हथियारबंद हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 50 के आसपास लोग मारे गए और कई घायल हो गए। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न ने इसे आतंकवादी घटना करार देते हुए देश के इतिहास का सबसे काला दिन बताया। मुख्य हमलावर की पहचान 28 वर्षीय ब्रैंटन टैरेंट के रूप में हुई है जो ब्रिटिश मूल का ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है। उसने हमले के पहले 'दि ग्रेट रिप्लेसमेंट' शीर्षक से एक सनसनीखेज मैनिफेस्टो लिखा था, जिसमें उसने हजारों यूरोपीय नागरिकों की आतंकी हमलों में गई जान का बदला लेने के साथ श्वेत वर्चस्व कायम करने के लिए आप्रवासियों को बाहर निकालने की बात कही थी।

टैरेंट ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को श्वेत पहचान और साझा उद्देश्य का प्रतीक बताया है। उसने लिखा है, 'आ मणकारियों को दिखाना है कि हमारी भूमि कभी भी उनकी भूमि नहीं होगी। वे कभी भी हमारे लोगों की जगह नहीं ले पाएंगे।' उसका कहना है कि यूरोपीय लोगों की संख्या हर रोज कम हो रही है इसलिए यूरोपीय लोगों को अपनी जन्मदर बढ़ाने की जरूरत है वरना वे अपनी ही जमीन पर अल्पसंख्यक हो जाएंगे। यह पश्चिमी जगत के धुर-दक्षिणपंथ का घोषणापत्र है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप से ऐसे मिजाज के लोगों की एक तरह से विदाई हो गई थी, लेकिन पिछले डेढ़-दो दशकों से वे दोबारा सिर उठाने लगे हैं।

यूरोप के अनेक देशों में राष्ट्रवादी सरकारों की वापसी इसका एक संकेत है। हाल तक पश्चिमी देश वैश्वीकरण के समर्थक थे लेकिन यूरोप में बढ़ती असमानता और घटते रोजगार के कारण वहां भूमंडलीकरण के विरुद्ध वातावरण पैदा हुआ है और राष्ट्रवाद मजबूत हो रहा है। इसने चरमपंथ को आगे आने का अवसर दिया है। आज ऐसे अनेक लोग हैं, जो यह मानते हैं कि एशियाइयों-अफ्रीकियों और खासकर मुसलमानों के यूरोप में बसने से कई तरह की सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। वे विशुद्ध श्वेतवाद को पुनर्स्थापित करना चाहते हैं और एकीकृत यूरोप के भी खिलाफ हैं। ऐसे लोगों के जमावड़े के रूप में इटली की रेड आर्मी और ग्रीस की रिवॉल्यूशनरी स्ट्रगल, सीरा (कंटीन्यूटी आईआरए) जैसे नाम आते हैं, हालांकि इनकी गतिविधियां इधर कमजोर पड़ रही थीं क्योंकि मुख्यधारा की पार्टियां ही इनकी बोली बोलने लगी थीं। बहरहाल, टैरेंट जैसे लोगों की सि यता चिंताजनक है। डर इस बात का है कि ऐसी धुर-दक्षिणपंथी कार्रवाइयां कहीं धीरे-धीरे अपनी मौत मर रहे इस्लामिक आतंकवाद को नई जिंदगी न दे दें। इसलिए इस सोच के खिलाफ सबको मिलकर सख्त कार्रवाई करनी होगी।

# होम लोन ट्रांसफर कराना है तो 1 अप्रैल तक इंतजार करें

नई दिल्ली। अगर आप भी होम लोन ट्रांसफर कराने की तैयारी कर रहे हैं तो एक अप्रैल तक इंतजार करना फायदेमंद होगा। ऐसा इसलिए कि अगले महीने की पहली तारीख से होम और ऑटो लोन पर लगने वाले ब्याज की व्यवस्था बदल जाएगी। यह रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा निर्देश के अनुरूप होगा। इसके बाद उम्मीद है कि होम लोन की ईएमआई पर अच्छी बचत होगी। वहीं अभी ट्रांसफर करने पर आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसकी वजह यह है कि आरबीआई द्वारा रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती के बाद भी बैंकों ने होम लोन के ब्याज पर मामूली कटौती की है। वित्तीय विशेषज्ञों के मुताबिक, होम लोन



ट्रांसफर का फायदा तभी मिलेगा जब ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की कटौती हो। होम लोन ट्रांसफर पर पेश है हिन्दुस्तान टीम की रिपोर्ट।

बदलने वाली है ब्याज व्यवस्था- माइलोनकेयर के गौरव गुप्ता के अनुसार, होम लोन ट्रांसफर करने की तैयारी कर रहे लोगों को एक अप्रैल तक इंतजार करना चाहिए। दरअसल आरबीआई ने निर्देश दिया है कि अलग-अलग कैटेगरी की फ्लोटिंग ब्याज दरें अब एक्सटर्नल बेंचमार्क से लिंक्ड होंगी। इससे एक अप्रैल 2019 से होम और ऑटो लोन पर लगने वाले ब्याज की व्यवस्था बदल जाएगी। बैंक को आरबीआई के रेपो रेट घटाने के तुरंत बाद ब्याज दर घटाने होंगी। नए ग्राहकों को इसका फायदा बैंक तुरंत देना शुरू करेंगे।

एनबीएफसी ग्राहकों को फौरी राहत नहीं- अगले महीने से ब्याज दर तय करने के गणित में बदलाव का फौरी फायदा हाउसिंग फाइनेंस और एनबीएफसी कंपनियों के ग्राहकों को नहीं होगा।

# 2 साल में सभी लेनदेन के लिए एक डिजिटल प्लैटफॉर्म लाएगा एसबीआई

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपनीडिजिटल सेवाओं को बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है। बैंक की योजना अगले दो साल में सभी तरह के लेनदेन को एक प्लेटफॉर्म के तहत लाने की है। बैंक यह काम अपने डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म योनो की मदद से करेगा। योनो एक एकीकृत डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म है जो कि उपयोगकर्ताओं को कई वित्तीय या अन्य सेवाओं की पेशकश करता है। बैंक ने शुक्रवार को योनो कैश सेवा शुरू की है। यह सेवा ग्राहकों को बिना कार्ड इस्तेमाल के एसबीआई के योनो कैश एटीएम से पैसे निकालने की सुविधा देगी। इस मौके पर बैंक के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा, योनो प्लेटफॉर्म के जरिए हमारी कोशिश अगले दो वर्ष में सभी प्रकार के लेनदेन गतिविधियों को एक प्लेटफॉर्म के तहत लाना है और एक अनूठा डिजिटल यूनिवर्स तैयार करने की योजना है। योनो कैश को लेकर कुमार ने कहा कि यह पहल एटीएम से डेबिट कार्ड का उपयोग करने से जुड़ी ग्राहकों की चिंताओं को दूर करेगी।



# 10 दिनों में अपग्रेड होगा 737 मैक्स विमान का सिस्टम:बोइंग

नई दिल्ली (आरएनएस)। बोइंग 737 मैक्स विमान को लेकर छिड़े विवाद के बाद अब कंपनी ने कहा कि अगले 10 दिनों के अंदर इस विमान के सिस्टम को अपग्रेड किया जाएगा। इंडस्ट्री से जुड़े दो सूत्रों ने बताया कि बोइंग 10 दिनों के अंदर 737 एयरक्राफ्ट के लिए एमसीएएस प्रिवेंशन सिस्टम को अपग्रेड करेगी। बता दें कि हाल ही में बोइंग 737 मैक्स विमान दो बार दुर्घटनाग्रस्ट हो चुका है।

अक्टूबर में इंडोनेशिया में क्रैश हुए 737 मैक्स 8 विमान की वजह इस सिस्टम का न होना माना गया। लेकिन सूत्रों से पता चला है कि पिछले सप्ताह इथोपिया एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के क्रैश होने की वजह अब तक पता नहीं चल सकी है।

# आरकॉम से 700 करोड़ रुपये की वसूली के लिए एनसीएलटी जाएगी बीएसएनएल





नई दिल्ली (आरएनएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) से 700 करोड़ रुपये बकाया वसूल करने के लिए इस सप्ताह राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इससे पहले, कर्ज तले दबी आरकॉम ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के समक्ष अपनी अर्जी में कहा था कि वह खुद से दिवाला प्रक्रिया में जाना चाहती है क्योंकि यह उसकी संपत्तियों को समयबद्ध तरीके से बेचने में मदद करेगी।

कंपनी ने एनसीएलएटी से गुहार लगाई थी कि एसबीआई के नेतृत्व वाले 37 ऋणदाताओं को 260 करोड़ रुपये सीधे एरिक्सन को जारी करने के निर्देश दिए जाएं। हालांकि, ऋणदाताओं ने इस याचिका का विरोध किया।

# होली पर ट्रेन टिकट नहीं मिला तो इस तरह अब भी बुक करा सकते है कन्फर्म टिकट

नई दिल्ली (आरएनएस)। होली में अकसर छुट्टी होने पर त्योहार को अपने परिवारवालों के साथ मनाने के लिए दूर दराज काम कर रहे नौकरी पेशा लोगों को अपने शहर पहुंचने के लिए काफी हिमायत करनी पड़ती है। छुट्टी होने की वजह से रेलवे स्टेशन, बसें खचाखच भरे होते है। अगर आप गलती से ट्रेन टिकट बुक नहीं करवाया है तो आपके पास प्रीमियम तत्काल का विकल्प है।

बता दें कि प्रीमियम तत्काल एक किस्म का रेल टिकट है, जो सफर से लगभग 24 घंटे पहले बुक किया जा सकता है। तत्काल के मुकाबले इसमें सीट मिलने की संभावना ज्यादा रहती है। तत्काल की तरह एसी क्लास की बुकिंग सुबह 10 बजे और नॉन-एसी टिकट के लिए सुबह 11 बजे से बुकिंग की जाती है।

# व्हील चेयर क्रिकेटर्स ने दिखाया गजब का जज्बा

नोएडा (आरएनएस)। भारत की दूसरी व्हील चेयर क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन यहां हो रहा है और इसमें व्हील चेयर क्रिकेटरों का जज्बा देखते ही बनता है। व्हील चेयर क्रिकेट दिल्ली ने शनिवार को दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) के साथ 10 ओवर का एक मैत्री मैच खेला जिसे खेल पत्रकारों ने जीत लिया। लेकिन इस मैच में व्हील चेयर क्रिकेटरों ने जिस तरह क्षेत्ररक्षण और बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया वह काबिले तारीफ़ था। खिलाड़ियों ने गोता लगाकर कई गेंदों को रोका जिस पर दर्शकों ने दांतों तले उंगलियां दबा लीं। चैंपियनशिप का आयोजन व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया ने एम्रोस कंसल्टिंग के साथ किया है।



# आईपीएल के लिए दक्षिण अफ्रीका ने अबतक खिलाड़ियों को रिलीज नहीं किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण को शुरू होने में अब एक सप्ताह का ही समय बचा है और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने इस लीग के लिए खिलाड़ियों को रिलीज करने को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं लिया है। दक्षिण अफ्रीका को अभी श्रीलंका के साथ टी-20 सीरीज भी खेलनी है, जो कि विश्व कप से पहले उसकी आखिरी सीरीज है। सीरीज 24 मार्च को समाप्त होगी और सीएसए का मानना है कि भारत रवाना होने से पहले खिलाड़ियों से सीरीज समाप्त करनी चाहिए। लेकिन खिलाड़ी शुरुआत से लीग में मौजूद रहना चाहते हैं।

सीएसए के अधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को रिलीज करने की तारीख तय करने के लिए सीईओ थाबंग मोरो, अध्यक्ष क्रिस नानजानी और कोच ओटिस गिब्सन केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में बैठक कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, तीनों आज न्यूलैंड्स में बैठक कर रहे हैं जिसमें वह यह तय करेंगे कि दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को आईपीएल के लिए कब रिलीज किया जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि खिलाड़ी टी-20 लीग का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं लेकिन यह भी सच है कि वे देश के लिए खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आज का राशिफल

मेषः ग्रहों के द्वारा ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि आपको इस समय हर काम को सोच समझकर और धीरे-धीरे आगे बढ़ना होगा। इस तरह से काम करने से स्थाई और अधिक लाभ मिल सकता है।

वृषभः अब आप अपने आपको भाग्यशाली कहने में अधिक इंतजार नहीं कर पाएंगे क्योंकि जल्दी ही भाग्य आप पर मेहरबान होने वाला है।

मिथुनः आज के दिन आपको ऐसे लगेगा कि जैसे बुरा वक्त अब टल गया है। अपने ही लोगों के बीच में जो हालत आपको झेलनी पड़ रही है, उससे अब बाहर आने का समय आने ही वाला है।

कर्कः अपने कार्यक्षेत्र या व्यापार में आज आपको अपनी बेहतर स्थिति और पहचान बनाने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

सिंहः करियर में आप जिन समस्याओं से आप जूझ रहे हैं उनको हल करने के लिए आपको कुछ सामाजिक संपर्क करना पड़ सकता है। यह कुछ ऐसे काम हैं जो धन या हैसियत के बावजूद बिना दूसरों की मदद के हल नहीं हो सकते हैं।

कन्याः मंगलमय परिवर्तन हो सकते हैं।आज के दिन आपको अपने सामाजिक दायरे में उठने बैठने से विशेष सम्मान हासिल हो सकता है।

तुलाः अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखिए तभी कार्यस्थल और व्यापार में पूरा मन लगाकर काम कर पाएंगे। आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है।

वृश्चिकः अपने कामकाज को संवारने में आप आज के दिन कर्म से ज्यादा भाग्य पर भरोसा रख सकते हैं। फिजूलखर्च से बचना होगा। विद्यार्थियों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

धनुः आज आप किसी प्रकार के कागज पत्रों में हस्ताक्षर करने के लिए आतुर रह सकते हैं। यदि किसी की जमानत दे रहे हों तो उसमें सावधानी रखना जरूरी है।

मकरः आज के दिन अपने कामकाज में आपकी मजबूत स्थिति के लिए कुछ लोग आपको अपनी ओर खींचने की चेष्टा कर सकते हैं। यदि आप अपने वर्तमान कार्यक्षेत्र को गंभीरता से लेते हैं तो कहीं और जाने या भटकने की जरूरत नहीं है।

कुंभः इस वक्त आपको समय के साथ स्वयं को भी बदलने की कोशिश करनी चाहिए। आप बदलाव की ओर गंभीरता से ध्यान देंगे तो अपने करियर में अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। दूसरों के मामलों को सुलझाने की बजाए अपनी समस्या को हल करने के बारे में सोचना सही रहेगा।

मीनः आज आप अपने अन्दर कुछ ताजगी और हल्कापन महसूस कर सकते हैं। काफी दिनों से चल रहा मानसिक तनाव अब खुद से ही गायब हो जाएगा। अपनी मुश्किलों को नजर अंदाज करने का प्रयास कीजिए। अपने साथ घट रहे बुरे वक्त के दौर को भूल कर दोपहर बाद कुछ मन बहलाने की इच्छा भी जाग सकती है।

# न्यूज़ीलैंड में हुए हमले के बाद वर्ल्डकप को लेकर बढ़ी सुरक्षा की चिंता

न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में दो मस्जिदों पर हुए आतंकी हमले के बाद क्रिकेट जगत जहां सकते में आ गया है। वहीं 30 मई से इंग्लैंड में शुरू होने वाले वनडे विश्वकप को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को एक पत्र लिखकर अपील की थी कि उसे उन देशों से संबंध तोड़ लेने चाहिए, जहां से आतंकवादी निकल कर आते हैं। आईसीसी ने भारत के इस पत्र को पूरी तरह खारिज कर दिया था और कहा था कि वह ऐसा नहीं कर सकता है। पुलवामा हमले के बाद भारत में कई जगह से आवाजें उठ रही हैं कि टीम इंडिया को विश्वकप में पाकिस्तान के साथ अपना मैच नहीं खेलना चाहिए। हालांकि क्रिकेट लीजेंड सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर का कहना है



कि भारत को विश्वकप मैच न खेलकर दो अंक नहीं गंवाने चाहिए।

आईसीसी ने जब भारत की चिंता को खारिज किया था तब उसके नजरिये में सिर्फ भारत और पाकिस्तान का क्रिकेट मैच था, लेकिन न्यूजीलैंड में हुए हमले ने न केवल आईसीसी बल्कि विश्वकप के मेजबान इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड की नींद उड़ा दी होगी। न्यूजीलैंड में आमतौर पर कभी इस तरह के हमले के बारे में नहीं सुना गया है, लेकिन इंग्लैंड में आतंकी हमले होते रहे हैं। यह घटना आईसीसी और ईसीबी को विश्वकप की सुरक्षा पहले से अधिक चाकचौबंद करने के लिए मजबूर करेगी। आईसीसी ने भारत के पत्र को उतनी गंभीरता से नहीं लिया है जितना उसे लेना चाहिए था। आईसीसी के सामने अब विश्वकप की सुरक्षा और भी सर्वोपरि हो जाएगी। न्यूजीलैंड में दो मस्जिदों में हुई फायरिंग में बांग्लादेश की क्रिकेट टीम बाल-बाल बच गई और उसने अपना न्यूजीलैंड दौरा रद्द कर दिया है और स्वदेश लौट गई है।


# लगातार चौथे दिन घटे डीजल के दाम, पेट्रोल हुआ महंगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। डीजल के दाम में रविवार को लगातार चौथे दिन राहत मिली, लेकिन पेट्रोल के दाम में वृद्धि का सिलसिला जारी रहा। पिछले चार दिनों में देश की राजधानी दिल्ली में डीजल 31 पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ है, जबकि पेट्रोल के भाव में 30 पैसे प्रति लीटर वृद्धि दर्ज की गई है।



तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल के दाम में आठ पैसे और चेन्नई में नौ पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की, लेकिन चारों महानगरों में डीजल के दाम में नौ पैसे प्रति लीटर की कटौती की। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 72.71 रुपये, 74.79 रुपये, 78.33 रुपये और 75.52 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

# ब्रेड से रसमलाई बनाने की विधि जानिए



आज हम आपको बताने जा रहे हैं ब्रेड से रस मलाई बनाने की रेसिपी। यह आसान भी है और ज्यादा समय भी नहीं लगता है।

सामग्री :


ब्रेड - 8 पीस
दूध- 2 गिलास
कन्डेंस्ड मिल्क
चीनी
देशी घी तलने के लिए
काजू, बादाम, पिस्ता, चिरौंजी, केसर, इलायची

विधि- सबसे पहले दूध को उबाल लें। जब यह उबल जाए तो उसमें थोडी सी केसर डालकर ढक दें। 2-3 मिनट में केसर अपना रंग दूध में छोड़ देगी। दूध में केसर का रंग आ जाने के बाद उसे दोबारा आंच पर चढ़ा दें। इसमें काजू, बादाम, पिस्ता, चिरौंजी डालें और धीमी आंच पर पकाएं। अब उसमें कन्डेंस्ड मिल्क और चीनी मिलाकर पकाएं। फिर ब्रेड स्लाइस लेकर उसे कटोरी या किसी गोल ढक्कन से गोल-गोल काट लें। जब सभी ब्रेड गोल आकार में कट जाए तब एक कढ़ाई में देशी घी गर्म करें। अब उसमें ब्रेड के गोल कटे हुए टुकड़ों को गुलाबी होते तक तलें। अब तैयार किए हुए दूध में तले हुए ब्रेड के टुकडों का डालें और ठंडा होने पर सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य-09

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 08 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# सू-दोकू-09

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.08का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |